आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.08.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कल फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा अभियान' का उद्‌घाटन किया।
- द्वीपसमूह के दो दिवसीय दौरे के दौरान उप–राष्ट्रपति ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया।
- सेल्यूट तिरंगा संगठन की ओर से आज सेल्यूलर जेल से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी।
- अंत्योदय अन्न योजना राशन कार्डधारकों से पंद्रह अगस्त तक आयुष्मान कार्ड बनवाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर कल श्री विजयपुरम स्थित फ्लैग प्वाइंट पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर 'हर घर तिरंगा अभियान' का उद्‌घाटन किया। डीब्रेट के सभागार में आयोजित राज्य समारोह तथां 'वंदे मातरम' तिरंगा संगीत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप–राष्ट्रपति ने कहा कि इस अभियान को शुरू करने के लिए इन ऐतिहासिक द्वीपों से बेहतर कोई स्थान नहीं हो सकता। उन्होंने तमिल कवि सुब्रह्मण्यम भारती के 'मणि कोडी' का उल्लेख करते हुए तिरंगे की महिमा को रेखांकित किया। इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए 8 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के 'करो या मरो' के नारे तथा 30 दिसंबर 1943 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा इन द्वीपों पर तिरंगा फहराने के ऐतिहासिक क्षणों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप विकास परियोजना पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ भारत की समुद्री क्षमताओं, कनेक्टिविटी और आर्थिक अवसरों को मजबूत करेगी।

कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा 1943 में तिरंगा फहराने की 75वीं वर्षगांठ पर, प्रधानमंत्री द्वारा 30 दिसंबर 2018 को 150 फीट ऊंचे झंडे के पोल का अनावरण किया गया था और अब तक 754 द्वीपों पर तिरंगा फहराया जा चुका है। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पानी के भीतर सबसे बड़ा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और अंडरवाटर ह्यूमन स्टैक बनाकर दो विश्व रिकॉर्ड बनाने सहित कई विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। मुख्य सचिव चंचल यादव ने कहा कि प्रशासन 'हर घर तिरंगा' की भावना को द्वीपों के दूर–दराज क्षेत्रों तक भी ले गया है।

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कल नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान उनके साथ उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी. के. जोशी और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति ने उस ऐतिहासिक भवन का अवलोकन किया, जहां दिसंबर 1943 में अपनी अंडमान यात्रा के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस ठहरे थे। इसके अलावा उन्होंने अन्य ऐतिहासिक स्थलों जैसे चर्च, ट्रूप्स बैरक, गन प्वाइंट क्षेत्र और स्मृतिका संग्रहालय का भी दौरा किया। इस दौरान उन्हें इस द्वीप के समृद्ध इतिहास तथा इसके भावी विकास के लिए प्रस्तावित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए से संबंधित मामलों को लेकर शिक्षा मंत्रालय के सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री जोशी ने संस्थागत–व्यवस्था को मजबूत करने, प्रक्रिया सुचारू बनाने और विद्यार्थियों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित करने से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार–विमर्श किया। श्री जोशी ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान मजबूत, पारदर्शी और विश्वसनीय परीक्षा व्यवस्था बनाने पर है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी की आकांक्षा पूरी हो सके।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय तिरंगे के सम्मान और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सेल्यूट तिरंगा संगठन की ओर से आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा शाम साढ़े तीन बजे से सेल्यूलर जेल से शुरू होकर गांधी प्रतिमा पहुंचकर सम्पन्न होगी।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में प्राथमिकता वाले परिवारों और अंत्योदय अन्न योजना के राशन कार्डधारकों से पंद्रह अगस्त तक आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाने की अपील की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना के तहत पात्र परिवारों को देशभर के सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज के लिए प्रतिवर्ष पाँच लाख रुपये तक की कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। पात्र लाभार्थी अपना आयुष्मान कार्ड आयुष्मान ऐप, नजदीकी सामान्य सेवा केन्द्र, स्वास्थ्य केंद्र या जी. बी. पंत अस्पताल स्थित आयुष्मान भारत हेल्पडेस्क के माध्यम से बनवा सकते हैं।

<><><><><><><>

भारतीय तटरक्षक बल आज और 25 अगस्त को ब्रिचगंज स्थित चिन्ते लॉन्ग फायरिंग रेंज में फायरिंग अभ्यास करेगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक चलेगा। भारतीय तटरक्षक बल ने लोगों से अभ्यास के दौरान फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए, योग्य अनुसूचित जनजाति के छात्रों से प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत नए और नवीनीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजनाओं के तहत सभी स्रोतों से पारिवारिक आय ढाई लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, जबकि द्वीपसमूह के सभी अनुसूचित जनजाति छात्र बिना किसी आय सीमा के इस योजना के पात्र हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। पात्र विद्यार्थी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों का आधार विवरण उनके वर्तमान बैंक खाते और पंजीकृत मोबाइल नंबर से लिंक और अपडेटेड होना चाहिए।

सहायता के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों के अलावा जनजातीय कल्याण निदेशालय में एक समर्पित हेल्पडेस्क भी स्थापित किया गया है।

<><><><><><><>

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए बी.टेक कार्यक्रमों की बची हुई सीटों पर प्रवेश हेतु परामर्श आज सुबह साढ़े नौ बजे संस्थान के सम्मेलन कक्ष में लिया जाएगा। इसके लिए पंजीकरण कार्य सुबह साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक चलेगा। अभ्यर्थियों को परामर्श के दौरान अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

<><><><><><><>

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र की ओर से नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए ICMR SHINE–2026 रील्स मेकिंग प्रतियोगिता' शुरू की गई है। प्रतियोगिता में स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर लघु वीडियो रील्स बनाने होंगे, जिसके लिए प्रविष्टियाँ 12 अगस्त तक स्वीकार की जाएंगी।

<><><><><><><>